# (टिप्पणी एवं आदेश)
(उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण )

जिलाधिकारी महोदय, गोरखपुर।

जनपद गोरखपुर में भारत सरकार एंव राज्य सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना "हर घर जल" जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद गोरखपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में फेज–2 व फेज–3 के अन्तर्गत 1995 नग राजस्व ग्रामों में पाइप पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य कराया जा रहा है एवं पूर्व में जल निगम (ग्रामीण) द्वारा 849 नग राजस्व ग्रामों में पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य कराया गया है। जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फेज–2 व फेज–3 में 1537 नग राजस्व ग्रामों में पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य मेसर्स एन0सी0सी0लि0, हैदराबाद एवं 458 नग राजस्व ग्रामों में पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य मेसर्स रित्विक कोया(जे0वी0), हैदराबाद द्वारा कराया जा रहा है।

जिसके के सम्बन्ध में प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ के पत्र संख्या 1726 / 011–जे0जे0एम0 / 25, दिनांक 15.10.2025(पताका–क) का अवलोकन करना चाहें जिसमें उल्लेख किया गया है कि जनपद में पेयजल योजना से छूटे हुए मजरों / राजस्व ग्रामों के संबंध में परीक्षण कराकर डी0डब्ल्यू0एस0एम0 द्वारा सूचना उपलब्ध करायी गयी थी। पुनः इस बिन्दु पर समीक्षा करते हुए यदि कोई राजस्व ग्राम व मजरा पेयजल योजना से आच्छादित होने से छूट गया हो तो उसकी सूचना निर्धारित प्रारूप(पताका–ख) पर उपलब्ध कराते हुए उनके डी0पी0आर0 बनाकार संस्तुति सहित दिनांक 30.10.2025 तक प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया था।

अतः उक्त के सम्बन्ध में निर्धारित प्रारूप पर सूचना पत्रावली के दायी ओर प्रस्तुत है। कृपया सहमति की दशा में अनुमोदनोंपरान्त हस्ताक्षर करना चाहें–

अधिशासी अभियन्ता
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
गोरखपुर

जिला पंचायत राज अधिकारी,
गोरखपुर

जिला विकास अधिकारी,
गोरखपुर

मुख्य विकास अधिकारी,
गोरखपुर

14/1/2026

जिलाधिकारी,
गोरखपुर

# कार्यालय जिलाधिकारी,गोरखपुर

पत्रांक 100/W-14/07 दिनांक 14.01.2026

सेवा में

प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषय-** जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत छुटे हुए ग्राम के मजरों के डी0पी0आर0 के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके पत्रांक सं0 1726/011-जे0जे0एम0/25 दिनांक 15-10-2025 के क्रम में अवगत कराना है कि जनपद गोरखपुर में पेयजल योजना से कोई भी ग्राम/मजरा अनाच्छादित नहीं है। जिसकी सूचना निर्धारित प्रारूप पर संलग्न कर आवश्यक एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्नक-उपरोक्तानुसार

भवदीय,

14/1/2026

(दीपक मीणा)
जिलाधिकारी,
गोरखपुर।

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्त-

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. अधिशासी निदेशक,नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग,उ0प्र0 शासन,लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0),उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),गोरखपुर।
4. अधीक्षण अभियन्ता,मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),गोरखपुर।
5. मुख्य अभियन्ता अधिकारी, गोरखपुर।
6. अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), गोरखपुर।

जिलाधिकारी,
गोरखपुर।

## अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण, गोरखपुर

### जल जीवन मिशन कार्यक्रम से अनाच्छादित (छूटे हुये) राजस्व ग्राम एवं मजरों की सूचना का प्रारूप

| क0स0 | जनपद का नाम | कुल राजस्व ग्रामों की संख्या | पाइप पेयजल योजना से आच्छादित राजस्व ग्रामों की संख्या | पाइप पेयजल योजना से अनाच्छादित राजस्व ग्रामों/मजरो की संख्या | पाइप पेयजल योजना से अनाच्छादित आबाद राजस्व ग्रामों/मजरो का विवरण | | | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | विकास खण्ड | राजस्व ग्राम/मजरे का नाम | हाउस होल्ड की संख्या | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | गोरखपुर | 2844 | 2844 | ———शून्य——— | | | | जनपद गोरखपुर में कुल 7 तहसीलो के अन्तर्गत 20 विकास खण्डों में 2844 नग राजस्व ग्राम है । जिसमें 849 नग राजस्व ग्रामों में जल निगम द्वारा पूर्व में निर्मित योजनाओं से आच्छादित है एवं 1995 नग राजस्व ग्रामों को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत फेज–2 एवं फेज–3 में सम्मिलित किया गया है । 1537 नग पेयजल योजनाओं में मेसर्स एन.सी.सी लिमिटेड, हैदराबाद एवं 458 नग पेयजल योजनाओं में मेसर्स रित्विके कोया (जे0बी0), हैदराबाद द्वारा कार्य कराया जा रहा है । अतः वर्तमान में कोई भी ग्राम/मजरा पेयजल योजनाओं से अनाच्छादित नहीं है । |

अधिशासी अभियन्ता
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),

जिला पंचायत राज अधिकारी,
गोरखपुर

जिला विकास अधिकारी,
गोरखपुर

मुख्य विकास अधिकारी,
गोरखपुर

जिलाधिकारी,
गोरखपुर